**पूर्वोत्तर राज्यों में आतंकवाद**

557. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर राज्यों के राजनीतिक नेताओं ने इस क्षेत्र में उग्रवाद पर काबू पाने के लिए हाल ही में केन्द्र सरकार से पहल करने का आग्रह किया है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) :** उत्तर-पूर्वी राज्यों के राज्यपालों और मुख्य मंत्रियों ने, अपने आपस में और केन्द्रीय एजेन्सियों के मध्य सहयोग की आवश्यकता महसूस करते हुए समन्वित कार्रवाई के लिए एक संयुक्त कार्य क्षेत्र तैयार करने के लिए, कुछ केन्द्रीय मंत्रियों की भागीदारी के साथ, एक बैठक करने का सुझाव दिया है।

केन्द्र सरकार ने इस विचार की सराहना की है और वह उत्तर-पूर्वी राज्यों को सभी प्रकार का सहयोग और सहायता दे रही है ।

**पंजाब में जिलों को "अशांत" घोषित किया जाना**

558. **डा० रत्नाकर पाण्डेय :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब में अब तक कितने जिलों को "अशांत" घोषित कर दिया गया है ; और

(ख) सरकार द्वारा वहां कानून और व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं ?

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) :** (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, इस समय पंजाब सरकार द्वारा राज्य के सभी 12 जिलों को "विक्षुब्ध क्षेत्र" घोषित किया गया है।

(ख) राज्य में उग्रवादियों की गतिविधियों से निपटने तथा कानून और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पंजाब सरकार द्वारा कई उपाय किए गए हैं।

**Operation Rhino**

559. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY- Will the Minister of HOMES AFFAIRS be pleased to state-.

(a) whether it is a fact that Government had launched operation Rhino for curbing the terrorist and secessionist activities in Assam and the North-Eastern region;

(b) if so, what is the extent to which Govt have succeeded in rounding up the ULFA and other activists separately; and the arms and ammunitions seized from them; and the number of those killed during the operation;

(c) the number of persons who were rounded up in Assam and other affected regions during the period and also those released in exchange of hostages by ULFA and other outfits and the number of civilians including VIPs who were kidnapped and are still in captivity as hostages; and

(d) the period up to which the above operation is likely to continue and the daily expenditure being incurred on Army by the State Government?

THE MINISTER OF STATE ' IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI M. M. JACOB); (a) to (d) Under Operation Rhino' the Army is providing aid tfr civil authority in Assam to curb the